## शैक्षिक सत्र–2025–26
## विषय–संगीत (गायन)
## (कक्षा–9)

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न.पत्र तीन घंटे का होगा। 30 अंक का प्रोजेक्ट कार्य एवं आन्तरिक मूल्यांकन होगा।

शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा एवं व्याख्या, संगीत स्वर, सप्तक, शुद्ध और विकृत स्वर, अलंकार, आलाप, विवादी, पकड़, राग, जाति, औड़व, षाडव, सम्पूर्ण, ताल, मात्रा, लय, पाठ्यक्रम के रागों का परिचय।

1–संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन।

2–पाठ्यक्रम के रागों की विशेषता, स्वर, विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त।

3–रागों के आलाप तान लिखने की योग्यता।

4–तालों का ताल परिचय लिखने की तथा इगुन, दुगुन, लय में लिखने (कहरवा, झपताल, तीनताल) की योग्यता होनी चाहिये।

5–गीतों का सरल आलाप, तान सहित लिपिबद्ध करने की योग्यता।

6–स्वर समूहों के छोटे–छोटे टुकड़ों के आधार पर राग पहचानने की योग्यता।

7–अमीर खुसरो एवं भातखण्डे की जीवनी।

8–राग यमन तथा खमाज रागों का विस्तृत अध्ययन, प्रत्येक में एक–एक गीत के साथ तीन–तीन आलाप एवं चार–चार तान तालबद्ध करके गाने की योग्यता।

9–बिलावल, भूपाली, आसावरी, रागों का परिचय एवं प्रत्येक का गीत स्वर लिपि सहित लिखने एवं गाने की योग्यता।

10–प्रत्येक राग का सरगम गीत तथा लक्षण गीत सिखाया जाना चाहिये।

11–प्रत्येक रागों का आरोह–अवरोह पकड़ गाना आना चाहिये।

**नोट** :–उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों पर आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा ली जायेगी जो 10 अंकों की होगी तथा 10 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

### प्रोजेक्ट कार्य

**नोट** :–निम्नलिखित में से कोई दो प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1–सप्तक के तीन प्रकार, प्रत्येक सप्तक के स्वर चिन्ह तथा एक सप्तक की दूसरे सप्तक से ऊँचाई अथवा निचाई को स्वरों की आन्दोलन संख्याओं के माध्यम से प्रदर्शित कीजिये।

2–हिन्दुस्तानी संगीत के दस थाटों के नाम तथा प्रत्येक थाट के स्वरों को तालिकाबद्ध कीजिये।

3–चार प्राचीन संगीत वाद्यों के चित्र एकत्र कीजिये तथा उनके नामों का उल्लेख करते हुये उन्हें अपनी स्क्रैप बुक में चिपकाइये।

4–चार आधुनिक वाद्य यन्त्रों के विषय में लिखिये तथा उनके चित्र भी चिपकाइये।

5–एक चार्ट पेपर पर तानपुरे का चित्रण कीजिये तथा उनके अंगों का उल्लेख करते हुये उन्हे अपनी स्कैप बुक में चिपकाये।

6–श्री विष्णु नारायण भातखण्डे द्वारा रचित संगीत पुस्तकों की एक सूची तैयार कीजिये।

7–स्वरों के शुद्ध एवं विकृत प्रकारों को चार्ट पेपर पर अंकित कीजिये।

8–चार प्रमुख भारतीय नृत्य शैलियों के नाम, चित्र एवं उनसे सम्बन्धित शीर्ष कलाकारों के नाम स्क्रैप बुक में अंकित कीजिये।

9–एक चार्ट पेपर पर तबले का चित्र बनाइये तथा अंगों के नाम दर्शाइये।

10–गायन से सम्बन्धित कुछ नवीन कलाकारों के नाम एकत्र कीजिये।

**शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन**

| | | |
|---|---|---|
| 1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य) | अगस्त माह | 10 अंक (5+5) |
| 2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(प्रयोगात्मक तथा प्रोजेक्ट कार्य) | दिसम्बर माह | 10 अंक (5+5) |
| 3–चार मासिक परीक्षाएं | | 10 अंक |

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) — नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (वर्णनात्मक प्रश्नों के आधार पर) — दिसम्बर माह

  चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।